सत्य प्रकाश


इमामशाही / पीरणा सतपंथ का इतिहास


और उसका हिंदू क.क.पा. जाती पर प्रभाव

हिन्दी भाषा में

वर्ष २०११ आवृत्ति २








मियाँ या महादेव?

क्या है सच्च?





For Reference See Pages: 78, 87, 110, 161.

सत्य प्रकाश


इमामशाही / पीरणा सतपंथ का इतिहास


और उसका हिंदू क.क.पा. जाती पर प्रभाव

हिन्दी भाषा में

वर्ष २०११ | आवृत्ति २









मियाँ या महादेव?

क्या है सच्च?





सत्य प्रकाश

इमामशाही / पीराणा सतपंथ का इतिहास

और उसका हिंदू क.क.पा। जाती पर प्रभाव

हिंदी भाषा में

वर्ष २०११ आवृति २



पीराणा सतपंथ के स्थापक - इमामुद्दीन अबदूर रहीम सैयद / इमाम शाह बावा / इमाम शाह महाराज, हाजर बेग के साथ मुहम्मद बेगड़ा के दरबार में

इस्लाम धर्म के शिया पंथ का एक भाग निजारी पंथ का एक विभाग पीराणा सतपंथ का संक्षिप्त पर व्यापक इतिहास और कच्छ कड़वा पाटीदार लोगों का सामाजिक आओर धार्मिक इतिहास का एक पहेलु दिखाता है।

यह पुस्तक सरकारी दस्तावेजों और अन्य मजबूत प्रमाणों पर आधारित है।

प्रस्तावना

अगर थोड़ा गंभीर होकर विचार करेंगे की - क्या होगा जब हमें पता चले की कोई व्यक्ति “रक्षक” के भेस में हमारे बीच रहता हो लेकिन वह व्यक्ति वास्तव एक “भक्षक” निकले? आम जनता जिसे रक्षक समझती हो, उस रक्षक का छिपा भयानक रूप के बारे में जब आपको पता चले तो आप क्या अनुभव करेंगे? इसी अनुभूति, इसी भय और अपने लोगों को बचाने की चिंता के साथ में यह पुस्तक लिख रहा हूँ।

हिंदू धर्म की सुंदर धार्मिक नगरी के रक्षा का दायित्व लेने वाले हिंदू “रक्षक” के स्वांग में, सतपंथ धर्म के प्रचारक, “भक्षक” बन कर छिपे है। “सतपंथ” यह नाम भले ही एक हिंदू नाम जैसा लगता हो, पर वास्तव में वह एक मुसलमान धर्म है। पाकिस्तान देश के स्थापक मुहम्मद अली जिन्ना इस सतपंथ धर्म को पालते थे। मुहम्मद अली जिन्ना के दादाजी का नाम था “पुंजा”, जो गुजरात के हिंदुओं में एक प्रचलित नाम, और उनकी पत्नी का नाम था “मीठीबाई”। भारत की एक सुविख्यात कंपनी है, जिसका नाम है विप्रो (Wipro), इस कंपनी के चेरमेन का नाम है श्री अज़ीम प्रेमजी। वह भी इसी सतपंथ धर्म को पालते है। अज़ीम प्रेमजी के पिता न नाम है “प्रेमजी”। देखने वाली बात यह है की “पुंजा”, “मीठीबाई”, “प्रेमजी” यह सब हिंदू नाम है, तो क्या वह हिंदू थे? उत्तर है नहीं, वास्तव में, वह सब हिंदू नाम और पहचान अपनाने वाले मुसलमान लोग है। बात आगे बढ़ाते हुए, इसी सतपंथ धर्म के कारण गुजरात में हिंदू लोहाना जाती, सिंध की सुमारा जाती और अन्य कई जाती के लाखों लोग, सतपंथ धर्म को पालन कर धीरे-धीरे उनका सम्पूर्ण रूप से धर्म परिवर्तित होने के बाद आज उनकी अगली पीढ़ी कट्टर मुसलमान बन गई है।

इस सतपंथ धर्म की विशेषता क्या है? उसे हिंदू धर्म का आवरण अपनाने की क्या आवश्यकता है? इस सतपंथ धर्म का मकसद क्या है? ऐसे ही कुछ सवालों के उत्तर देने का प्रयास किया गया है।

१४वी सदी में जब शिया इस्लाम धर्म के प्रचारक भारत आए, तब भारत में मजबूत वर्ण व्यवस्था प्रचलित थी। जिसमें अगर कोई व्यक्ति अपने समाज से अलग हो जाए तो उसका जीना कठिन हो जाता था। ऐसी व्यवस्था के कारण कोई भी व्यक्ति अपना धर्म परिवर्तन कर अपने समाज से अलग होने की हिम्मत नहीं कर पाता था। ऐसी मजबूत व्यवस्था के कारण शिया मुसलमान प्रचारकों हिंदुओं को मुसलमान बनाने के अपने लक्ष्य में कोई खास सफलता नहीं मिल रही थी। इसलिए इस्लाम के चतुर प्रचारकों ने युक्ति पूर्वक एक नया रास्ता बनाया। इस युक्ति के अनुसार, धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति को अपने समाज से अलग होने का डर नहीं रहता था। उन्होंने, ऐसे धर्म की स्थापना की जिसमें बाहय तौर पर सब कुछ हिंदू धर्म जैसा लगे, पर वास्तव में उसका मूल इस्लामी हो। इस धर्म का नाम भी हिंदू / भारतीय शब्दों के आधारित - ‘सतपंथ’ रखा।

धार्मिक साहित्यों की बात आई तब उन्होंने भगवान विष्णु के दस अवतार को केंद्र में रखकर, **बनावटी हिंदू धार्मिक पुस्तक बनाए**। उनके नाम भी हिंदू धार्मिक पुस्तकों पर रखे गए। जैसे की

दस "अवतार", "नकलंकी गीता", "मनहर ज्ञान" इत्यादि। उन्होंने असली हिंदू भागवत दसावतार (दस अवतार) साहित्य में बताए गए भगवान विष्णु के अवतारों में मिलावट कर उन्हें भ्रष्ट किया। सबसे ज्यादा मिलावट उन्होने कृष्ण अवतार और बुध अवतार के साथ की। अंत में उन्होने हिंदू मान्यता के अनुसार, भविष्य में यानी कलियुग के अंत में, होने वाले "कल्कि अवतार", को भी भ्रष्ट किया। उन्होंने कल्कि अवतार को, तत्कालीन समय में ही, (दूसरे शब्दों में कहूं तो कलियुग की शुरु वात में ही) अपने बनावटी दस अवतार ग्रंथ में प्रगट करवा दिया। इस बनावटी दस अवतार ग्रंथ को लोगों के सामने झूठ के सहारे उसे असली हिंदू दस अवतार कह कर पेश कर दिया। इस बनावटी दस अवतार के मुताबिक इस्लाम धर्म के स्थापक मुहम्मद पैगंबर के दामाद, **"हजरत अली तालिब"**, को भगवान विष्णु का दसवां अवतार होने का बताया। इस्लाम को कलियुग का सच्चा पथ (सतपंथ) यानी सच्चा हिंदू धर्म बताया गया। हिंदू आसानी से इस्लामी धर्म को अपना सके, इस हेतु से अली तालिब के इस झूठा अवतार को भी **"निष्कलंकी नारायण"** जैसा हिंदू नाम दे दिया। **उनकी रणनीति के अनुसार, जब निर्दोष और अंजान हिंदू सतपंथ धर्म में पूरी तरह से रच पच जाएं तब उन्हें धीरे से कहा जाता है कि उन्होंने जो भी अबतक देखा, समझा और जिसका अनुभव किया है, वह तो केवल सांकेतिक है। वास्तव में मोक्ष पाने के लिए निष्कलंकी नारायण (यानी "अली तालिब") के सच्चे रूप (इस्लामी रूप) को पहचान कर जब उनकी सच्चे मन से उपासना होगी केवल तब ही मोक्ष मिल सकता हैं। इस तरह से लोगों की श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किया जाता हैं।**

हिंदू आवरण के साथ पेश किया गया यह शिया इस्लाम धर्म, जिसके "सतपंथ" जैसे हिंदू नाम और उसके हिंदू आवरण के कारण, शिया इस्लाम के प्रचारकों को बड़ी सफलता मिली। बाह्य हिंदू रूप होने के कारण भोले और शंका न रखने वाले हिंदुओं को आकर्षित कर उन्हें इस पंथ में बाँध रखने में इस्लाम के प्रचारकों को सफलता मिली। शुरुआत में अनुयायियों को उनके हिंदू नाम, हिंदू रीत रिवाजों के साथ रहने दिया गया। इस वजह से नए अनुयायी अपने हिंदू समाज के बीच रह कर अपना मुसलमान धर्म पालने लगे। और अन्य हिंदुओं को इसका पाता नहीं चला। हिंदू वर्ण व्यवस्था के मजबूत कवच को भेद ने में शिया इस्लाम के प्रचारक सफल हुए। उनकी रणनीति के अनुसार, समय जाते, धीरे-धीरे कुछ पीढ़ी गुजर जाने के बाद, सतपंथ के प्रचारकों ने अपना असली रूप दिखाया। जिन-जिन प्रचारकों को लगा के अब सतपंथ धर्म की पकड़ उनके अनुयायियों पर मजबूत हो गई है, और उनके अनुयायी अब हिंदू समाज से बिलकुल कट चुके है, जिसके कारण वह हिंदू समाज में वापस नहीं जा पाएंगे, तब उन्होने सतपंथ के हिंदू दिखावे को हटाना शुरू किया और सम्पूर्ण रूप से इस्लामी मूल्यों को प्रस्थापित करते गए। ठीक इसी कारण से मुहम्मद अली जिन्ना के दादा का नाम, उनकी पत्नी का नाम, अज़ीम प्रेमजी के पिता का नाम हिंदू जैसा है, पर वह मुसलमान है|

इसी सतपंथ की एक शाखा गुजरात में आज भी कार्यरत है। सतपंथ के मूल स्थापक पीर सदरुद्दीन, उनके बेटे पीर कबिरुद्दीन और उनके बेटे थे **इमाम शाह बावा** थे। इमाम शाह का पूरा नाम **इमामउद्दीन अब्दुर रहीम सैय्यद** है। इसी इमाम शाह ने गुजरात आकार अहमदाबाद के पास, वर्तमान समय के **"पीराणा"** नामक एक गाँव में बस कर सतपंथ का प्रचार किया। उनके अनुयायी

इस पंथ को पीराणा सतपंथ भी कहते है। इस पीराणा सतपंथ की एक शाखा महाराष्ट्र में जलगांव के पास, **"फैजपुर"** नामक एक छोटे शहर में भी है। समझने वाली बात यह है की हिंदू आवरण अपनाने के कारण आज इमाम शाह को भी हिंदू नाम दिया गया है। उनका हिंदू नाम है **इमाम शाह महाराज।**

इस सतपंथ धर्म से जुड़े हुए अनुयायियों का सबसे बड़ा समूह "कच्छ कड़वा पटीदार" जाती का है। पीराणा सतपंथ का इतिहास ओर उसका कच्छ कड़वा पटीदार जाती पर प्रभाव इस विषय पर बहुत अच्छी जानकारी इस पुस्तक में दी गई है। इस पुस्तक में यह भी बताया गया है की किस तरह से सुनियोजित व्यवस्था के माध्यम से भोले और अंजान हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया जाता है और उन्हें पता भी नहीं चलता है। आज भी कई हिंदू लोग और साधु इसके शिकार बन रहे है। कच्छ प्रदेश के कड़वा पटीदार जाती के लोगों का समूह इस पीराणा सतपंथ के चपेट में आने वाला सबसे बड़ा समूह है। किन परिस्थितियों में और किन कारणों को लेकर इन लोगों ने इस शिया मुसलमान धर्म को अपनाया और बाद में उसी समूह के एक बहुत बड़े हिस्से ने कैसे सतपंथ को त्याग कर फिर से मूल सनातन हिंदू वैदिक धर्म को अपनाया। इन सभी बातों पर इस पुस्तक में पूरी जानकारी दी गई है। यह सब कुछ बहुत रसमय और दिलचस्प है। धर्म परिवर्तन के विषय पर अभ्यास करने वाले हर एक व्यक्ति के लिए यह पुस्तक बहुमूल्य है।

इस पुस्तक का आधार सरकारी गेजेटीअर (Gazetteer), विश्व विख्यात संशोधनकारों (World Renowned Researchers), यूनिवरसिटि (University - महाविद्यालय), शब्दकोश (Dictionary), मुसलमानो की संस्थाओं के दस्तावेज़, कच्छ कड़वा पटीदार समाज के दस्तावेज़ इत्यादि पर रखा गया है। यह सभी इसी बात की पुष्टि करते है की सतपंथ एक मुसलमान धर्म है। हिंदुओं का धर्म परिवर्तन का कार्य आसान बनाने के लिए सतपंथ को रचा गया था। हिंदू नामक सागर के एक किनारे से मुसलमान नामक दूसरे किनारे तक लोगों को ले जाने वाली जो नाव हैं, वह सतपंथ है। वह दस्तावेज़ यह भी कहते है की इमाम शाह हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करने का उद्देश्य लेकर गुजरात आए थे। जिसमें वह काफी हद तक सफल भी हुए।

महोदय, मैं एक ऐसी जाती (कच्छ कड़वा पटीदार जाती) से आ रहा हु, जिनके पूर्वज इस सतपंथ धर्म के कपट जाल के शिकार हुए थे और उसमें बुरी तरह से फंसे हुए थे। पीराणा सतपंथ धर्म, हमारे जाती में इतना फैला था कि इस धर्म के मुख्य प्रचारक (जिसे "काका" कहा जाता हैं) अधिकतर हमारे ही जाती के होते है। पर सद-भाग्य से, कुछ दशकों पहले हमारे जाती में बड़ी क्रांति हुई। हमारे दादा-परदादा को पता चल गया की जिस धर्म को वह कलियुग का सच्चा हिंदू धर्म समझ कर पालते थे, वह वास्तव में एक मुसलमान धर्म है। जब हमारे जाती को सतपंथ धर्म के इस कपट के बारे में सही-सही समझ आई और पता चला के सतपंथ हिंदू धर्म नहीं है तब उन्होने सतपंथ धर्म को त्यागना शुरू कर दिया। इसके कारण पीराणा सतपंथ धर्म की हालत दिन ब दिन खराब होने लगी।

अब पीराणा सतपंथ धर्म के प्रचारकों को अपनी बिगड़ती हालत का पता चला तब उन्होने "ताकिया" का प्रयोग करना शुरू कर दिया। मुसलमानों में **"ताकिया"** नाम वाली एक ऐसी प्रणाली है जिसका उपयोग वह अपने धर्म के हित के लिए करते है। इस प्रणाली के अनुसार उन्हें इस्लाम में प्रतिबंधित कोई भी कार्य करने की अनुमति मिल जाती है। जैसे की खुद को मुसलमान न होने का दिखावा करना, झूठ बोलना, छलना, हिंदू साधु का वेश अपनाना और बाह्य तौर पर हिंदू देवी देवताओं का प्रचार करना, दुश्मन का विश्वास जीत कर उसे दगा देना, इत्यादि। हाली में कुछ वर्षो पहले इस ताकिया से लैस होकर सतपंथ के प्रचारकों ने अंजान हिंदू साधुसंत का संपर्क किया। उन्हें यह बताया की हम "नारायण" के उपासक है, जो भगवन विष्णु का दसवां अवतार है। पर उन्होंने यह नहीं बताया की उनका १०वाँ अवतार बनावटी दस अवतार के पुस्तक पर आधारित है। साधुओं को सच्ची जानकारी से वंचित रखा। दूसरी ओर हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार के लिए और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए साधुओं से मदद मांगी। उन्होने कहा के सतपंथ धर्म के अनुयायी मुसलमान न बन जाए इसलिए वह साधुओं की मदद चाहते हैं। जब की वास्तव में सतपंथ धर्म के अनुयायी, अपनी दिल की आवाज़ सुन कर, सनातन हिंदू वैदिक धर्म को अपना रहे थे। भोले और अंजान साधुओं की मदद से, उन्होंने इमाम शाह की कब्र को समाधि बताकर उस कब्रस्थान के पास साधु सम्मेलन का आयोजन किया। साधुओं के माध्यम से उनके अनुयायियों को यह संदेशा दिया की सतपंथ हिंदू धर्म का भाग है। सतपंथ के प्रचारकों की नज़र में यह युक्ति काम आई। इससे पीराणा सतपंथ को त्यागने वाले लोगों का प्रवाह रुका। जो लोग सतपंथ को त्याग कर हिंदू बनने जा रहे थे, वह इस मुसलमान धर्म में ही टीके रहे। बात इतने से नहीं रुकी बल्कि कुछ लोग जो सतपंथ का त्याग चुके थे वह भी फिर से सतपंथ के साथ जुड़ने लगे। हिंदू लोग मुसलमान बनने लगे। अनजाने में ही सही, हिंदू साधुओं ने हिंदू धर्म को बड़ा नुकसान पहुँचाया।

जो लोग इस सतपंथ को हिंदू धर्म समझने की भूल कर रहे है, उन्हें सच्चाई बतानी जरूरी है। उन्हें बताना चाहिए की उनके साथ धोखा हो रहा है। आज भले उन्हें ऐसा न लग रहा हो, पर उनकी आने वाली पीढ़ी के साथ जरूर धोखा होगा और उनकी आने वाली पीढ़ी उन्हें कदापि माफ नहीं करेगी। जो साधु गण सतपंथ के झूठे प्रचार के शिकार हुए है, उन्हें भी सच्चाई बताकर सतपंथ के प्रचारकों द्वारा आयोजित साधु सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमों में जाने से रोकना चाहिए। सतपंथ हिंदू धर्म नहीं है इसका प्रचार प्रसार पूरे जोश के साथ होना चाहिए। लोगों को हिन्दू नामक किनारे से मुसलमान नामक दूसरे किनारे तक ले जाने वाली सतपंथ नामक इस नाव को मिटा देना चाहिए न की उसको बढ़ावा देना चाहिए। हमें विश्वास है इससे हज़ारों हिंदू मुसलमान बनने से बच जाएंगे।

रियल पाटीदार
20-Sep-2011
www.realpatidar.com

मूल इंगरेजी प्रस्तुति (Presentation) का हिंदी भाषा में अनुवाद

सतपंथ / भारतीय इस्माइलीज़म

का इतिहास

इमामशाही पंथ

जिसे

पीराणा सतपंथ / काका पंथ

भी कहा जाता है।

और उसका हिंदू क.क.पा. जाती पर प्रभाव

www.realpatidar.com
mail@realpatidar.com

आवृति: 2 -Draft -Pending
दिवस: 20-Sep-2011

सामान्य

इस प्रस्तुति (Presentation) उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, के जिनके पास सतपंथ विषय पर पूरी जानकारी नहीं है और उन्हें संक्षिप्त में सतपंथ धर्म का इतिहास, सिद्धांत, साहित्य, मान्यताए इत्यादि के बारे में जानने की इच्छा हो।

- केवल जानकारी और अभ्यास के लिए।
- साफ दिल की चर्चा और विचार के लिए।
- किसी भी प्रकार की धार्मिक और राजकीय प्रचार और विवाद के लिए कोई स्थान नहीं है।
- इस प्रस्तुति को मजबूत आधार वाले दस्तावेजों, जानकारी और प्रख्यात शोधकर्ताओं और लेखकों के काम के आधार पर बनाया गया है।
- सिर्फ कुछ ही जगहों पर क.क.पा. जाति में मौखिक रूप से संभाली कुछ जानकारियो का उपयोग किया गया है।
- खुद की समझ और विवेक बुद्धि का इस्तेमाल करें और इस विषय पर अपनी राय बनाए।
- सच्चे सतपंथ धर्म को अपमानित करने का कोई हेतु नहीं है।
- फिर भी अगर कही कुछ विरोधाभाषी दिखे, तो उसे किसी धर्म अथवा संप्रदाय के खिलाफ न समझे।
- इस प्रस्तुति का उद्देश्य सरकारी दस्तावेजों, शोधकर्ताओं और लेखकों के काम को आधार बना के केवल ऐतिहासिक सच्चाईओं को लोगों के सामने पेश करना है।
- “सतपंथ” और “सतपंथी” शब्दों को इक दूसरे की जगह इस्तेमाल किया गया है। जहां “सतपंथ” लिखा हो, वहाँ “सतपंथी” अर्थ हो सकता है।
- उसी तरह “हिंदू” और “सनातन” शब्दों को भी इक दूसरे की जगह इस्तेमाल किया गये है।
- तारीखों को “DD-MM-YYYY” फोरमेट में लिखा गया है।

2

चरण

इस प्रस्तुति को नीचे बनाये हुए विभाग में विभाजित किया गया है;

1. चरण १: इमाम शाह तक का काल
2. सरकारी दस्तावेजो और संशोधनकारों के निष्कर्ष
3. ताकिया
4. चरण २: इमाम शाह के बाद का काल

3

1. चरण १

इमाम शाह तक का काल

4

मुद्दो

चरण १ में नीचे बताये हुए मुद्दों का समावेश है;

1. सतपंथ का मूल
2. इमाम शाह की भूमिका
3. सतपंथ धर्म का प्रचार
4. धर्म परिवर्तन की पद्धति
5. इमाम और अखंड ज्योत
6. सूफी आवरण
7. सूफी भाव
8. सतपंथ धर्म के सिद्धांत
9. दस अवतार – हिन्दुओके दस अवतार से कितना अलग है?
10. सतपंथ के साहित्यों – गीनान और दुआ / कलमा

5

1.1 सतपंथ का मूल

संक्षिप्त मे...

6

सतपंथ का मूल ...

- इस्लाम के स्थापक मोहम्म्द पेगंबर की मृत्य बाद इस्लाम के दो मुख्य पंथ / संप्रदाय उभरकर सामने आए...शिया और सुन्नी।
- शिया धर्म पालने वाले, शियाओ, मोहम्म्द पेगंबर के दामाद यानि अली को भगवान का अवतार मानते है। इस ब्रह्मांड को बनानेवाली, अखंड ज्योत, का उनमे वास है, ऐसा वह लोग मानते है।
- यह अखंड ज्योत अलौकिक रीत से पितासे पुत्रमे वंश वार उतरती आती है। अलीके वंशजोमे (सीधे वंशमे) एक व्यक्ति के पास अखंड ज्योत हर समय होती है।
- जिस व्यक्ति को अखंड ज्योत का धारक माना जाता है, उसे अपने समय का "इमाम" और उस वजह से अलीका जीवंत अवतार मानने में आता है।
- अलीके वंश में ही, पेड़ी दर पेड़ी, यह अखंड ज्योत उतरती आती है।
- धीरेधीरे समय बदलता गया और आंतरिक झगड़े, मतभेद, खून जैसे कारणों की वजह से शिया पंथ में फूट पड़ी।

7

... सतपंथ का मूल

- इस्लाम -> शिया -> इस्माइली -> निझार पंथ की स्थापना १०९४मे अलामत (वर्तमान ईरान) में एक इस्माइली दाई हसन-ए-सब्बाह द्वारा करने में आई। हसन-ए-सब्बाह, इमाम "निझार" के लिए दाई का काम करते थे, इसलिए "निझार" या "निझारी" शब्द का प्रयोग इस पंथ के नाम में करने में आया है।
- सतपंथ यह निझारी पंथ का उप पंथ है।
- सतपंथ की दो मुख्य शाखाएं है;
  - खोजा – जो आगा खान को इमाम मानते है।
  - इमाम शाही – जो इमाम शाह के वंशजों को इमाम मानते है। इस पंथ को "पीराणा पंथ", "इमामशाही पंथ", "काका पंथ", "मतिया पंथ", "मुमना पंथ" के नामो से जाना जाता है।

8

कार्य प्रणाली

- ध्यान पूर्वक सावधानी से नियुक्त किए "पीर" और "दाई" के द्वारा इमाम अपना काम करता है।
- इमाम खुद पीर को नियुक्त करता है। पीर के कार्य के लिए अमुक भौगोलिक जगह सौंप ने में आती है, जहाँ उसे धर्म प्रचार करना होता है और नए अनुयायियों को बनाना पड़ता है। समय समय पर पीर को इमाम को अपने कार्य की प्रगति की जानकारी देनी होती है।
- सरल भाषा में कहं तो, इमाम की एक राष्ट्रपति के जैसी केंद्रीय सत्ता होती है, जब की पीर उनके नीचे अलगअलग प्रांत के कलेक्टर की सत्ता संभालते है पर अंत में इमाम को जवाब देह होते है।
- दूसरी तरफ दाई का काम, घूमते फिरते रहना और धर्म प्रचार करके पीर की मदद करना होता है।
- इस तरह, इमाम अपना घर छोड़े बगर, काम पर पूरा नियंत्रण रख पता है। क्योंकि उसके पास एक व्यवस्थित संस्था रूपी मसौदा तैयार है।

9

स्थापना – एक छोटी रूपरेखा ...

- पीर शम्स के प्रपौत्र, पीर सदरुद्दीन, सतपंथ के सच्चे स्थापक थे। पीर सदरुद्दीन की कबर उच, पाकिस्तान में है।
- उनके पुत्र और उत्तराधिकारी पीर कबिरुद्दीन (अबू कलंदर हसन कबिरुद्दीन) ने उनके पिता के कम तो आगे बढ़ाया। उनकी कबर भी उच पाकिस्तान में है।
- पीर कबिरुद्दीन के पुत्र, इमाम शाह, पीराणा सतपंथ के स्थापक है।

10

... स्थापना – एक छोटी रूपरेखा

- सतपंथ की स्थापना के पीछे के हिल चाल १४ वी सदिमे इस्माइली धर्म प्रचारकों, जो ईरान (परशिया / फारस) से आए थे, द्वारा शुरू करने में आई।
- चतुर और पढेलिखे धर्म प्रचारको ने सबसे पहेले स्थानिक भाषा और मुख्य तह संस्कृत भाषा का अभ्यास किया। हाथोंहाथ हिंदू धर्म के साहित्यों पर प्रभुत्व हासिल किया।
- हिंदू धर्म और इस्लाम धर्म के सिद्धांतो को युक्ति पूर्वक मिलकर, अनुयायियों को इस्लाम की तरफ ले जाने का रास्ता तैयार किया, जिससे धर्म परिवर्तन कराना आसान होय गया।
- हिंदू धर्म की रचना और सिद्धांतों के वर्णन करते नए पर नकली व्याख्यान तैयार किए गए और संस्कृत भाषा के श्लोकों के ताल को स्थानीय भाषा में ढालकर प्रचार करना शुरू किया।
- शुद्ध सूफी वाद से लेकर शुद्ध हिंदू वाद के विषयों का समावेश करने मे आया।

11

1.2 इमाम शाह की भूमिका

इमाम शाह कौन थे?
क्या वह “इमाम” नियुक्त किए गए थे?
उनका भारत आने के पीछे मकसद क्या था?

12

इमाम शाह की भूमिका ...

- इमाम शाह नाम में "इमाम" शब्द कोई पदवी सूचक नहीं है, या उन्हें जाने "इमाम" नियुक्त किया होय ऐसा भी नहीं है। उनके लिए "इमाम" शब्द तो केवल उनका सम्पूर्ण नाम "इममुद्दीन" का संक्षिप्त रूप है।
- सैय्यद इमाम शाह का (पूर्ण नाम इममुद्दीन अबदूर रहीम सैय्यद) जन्म उच, पाकिस्तान में, हुआ था और १९ वर्ष की आयु में उनके पिता, पीर कबिरुद्दीन, का देहात हो गया था।

लोकवायका के अनुसार, नीचे बताए मुख्य बातें है:

- उनके पिता के मृत्यु समय पर इमाम शाह उचमे नहीं थे, लेकिन चमत्कारिक तरीके से उन्हें अपने पिता की मृत्यु की जानकारी मिली और उनके जनाजा को ले जाने के वक्त पर इमाम शाह वहाँ पहुंच गए।
- तब उन्हें पता चला के उनके १७ भाईयों ने अपने पिता की संपत्ति बाँट ली है और उनके लिए कुछ नहीं बचाया है।
- उन्हें यह भी पता चला के उनके चाचा ताजुद्दीन को पीर की गद्दी का उत्तराधिकारी नियुक्त किये गये है।

13

... इमाम शाह की भूमिका ...

- जनाजा रोककर इमाम शाह ने पिता की संपत्ति में से उनका अपना हिस्सा अपने १७ भाईयों से मांगने लगे।
- जब उनके भाईयों ने इमाम शाह की बात नहीं सुनी, तब जनाजा में से "माला" और "शक्कर" लिए हुए एक हाथ बाहर आया।
- और साथ में एक आवाज आई और इमाम शाह ओर ईरान जाकर अपने काका से अपना अधिकार मांगने कहा।
- इमाम शाह तुरंत ईरान के लिए रवाना हो गये और वह जे गादी पति "इमाम" से मिले. पर खुदको "पीर" की जगह नियुक्त करने में सफल न हो सके।

14

... इमाम शाह की भूमिका

- इमाम शाह भारत लौट आए और गुजरात तरफ रवाना हुए।
- इमाम शाह अमदाबाद के पास "गिरमथा" गाव के बाहर "पीराणा"में (मतलब "पीर का आना") आकार बस गए। इस जगह को इमामपुरा / इमामपुरी भी कहने मैं आता है।
- भारत आने पर उनके पिता और दादाजी का अधूरा कम पूरा करने के कम में लग गए।
- चमत्कारी शक्तियों की मदद से बहुत सारे हिंदुओं को सतपंथ धर्म में परिवर्तित किया।
- ६३ वर्ष की उम्र में वह गुजर गए और उन्हें पीराणा की दरगाह में दफनाया गया है।
- उनकी गादि के उत्तराधिकारी के रूप में उनके पुत्र नूर मोहम्मद् शाह को नियुक्त किया गया। उनके नाम के आगे "नूर" शब्द (Eternal Light) यह दर्शाता है के, पीराणा पंथी (पीराणा सतपंथी) लोगों के लिए वह "इमाम" थे।

15

1.3 प्रचार पद्धति

(प्रोपगंडा/Propaganda)

इस्माइली धर्म प्रचारकों की सफलता के पीछे की ...

एक असरकारक रणनीति

16

शिया धर्म प्रचारकों को भारत में मिली बड़ी सफलता के पीछे मूलभूत प्रचार पद्धति जिसे अंग्रेजी में कहते है...

प्रोपगंडा

(Propaganda)

17

प्रोपगंडा (प्रचार) –पृष्ठभूमि

- इस्लाम हमेशा धर्म परिवर्तन करने वाला रहा है। और आज भी यह प्रवृत्ति नियमित रूप से चल रही है।
- जिस गति से अन्य देशोमें उसका फैलावा हुआ, वह इतिहास में अजोड़ है।
- यहूदी, हिब्रू और अरबी भाषी लोगों के देशो में इस्लाम को खूब सफलता मिली।
- पर जो देशों में, अलग सांस्कृतिक विचार धारा चलती थी, जैसे के यूरोप, भारत, चीन इत्यादि, उन देशों में इस्लाम को खास सफलता नहीं मिली। परंतु सैकड़ों वर्षों के समय अंतराल बाद धीरेधीरे इस्लाम की प्रगति हुई।

18

प्रोपगंडा अवरोध (विघ्न)

- अरबी संस्कृति से अलग संस्कृति वाले देशों में इस्लाम को कैसे अवरोधों का सामना करना पड़ा उस पर एक नजर डालते है;

  1. बिन-अरबी अनुयायी के लिए विदेशी भाषा में बताएं धार्मिक विचारों और विदेशी धार्मिक माप दंड (Standards) को अपनाना जरूरी था।

  2. वर्ण आधारित सामाजिक व्यवस्था, जैसे के भारत में प्रचलित है, उसमें एक समाज या जाति से अलग हुए व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं होती। उन संजोगों में समूहिक धर्म परिवर्तन ही कम कर सकता है। एक व्यक्ति का नहीं पर पूरे समाज या जाति का धर्म परिवर्तन करना जरूरी है।

- इस विचार को न अपनाने के कारण अन्य देशों की तुलना में इस्लाम को भारत में कम प्रति साद मिला।

- कुशल और ठोस रन नीति अपना कर, निझारी धर्म प्रचारकों ने ऐसी पद्धति अपनाई के जिसकी वजह से ऊपर बताएं अवरोधों का हल ढूंढ सके।

19

प्रोपगंडा (प्रचार) –अवरोध के उपाय …

- इन हालातों में धर्म परिवर्तन **दो मुख्य सिद्धांतों** पर निर्भर करता है;

  1. ***इस्लाम के मतलब और संदेश को कडक अरबी आवरण से अलग करने*** की साहसिक व्यूह रचना।

  2. अमुक ***खास जाति को लक्ष बनाकर*** धर्म परिवर्तन के ***प्रयास केन्द्र करना.*** खास तौर से पिछड़े वर्ग पर ध्यान देना। क्योंकि अन्य वर्ग की तुलना में ऐसे वर्ग के लोगों पर समाज या जाति की पकड़ कम मजबूत होती है।

- *इसलाम के धर्म प्रचारकों ने इस्लाम के उच्च आदर्शों को अनुयायियों के पूर्वजों के धर्म (याने हिंदू धर्म) की परिभाषा और संस्कृति अनुरूप समझाया।*

- हिंदू धर्म के प्रचलित और सुंदर आदर्शों, संस्कारों, रित रिवाजों, मान्यताओ, बंधनों इत्यादि को इस्लाम धर्म के उपदेश को केंद्र में रख कर उसके आस पास जोड़ दिया।

20

... प्रोपगंडा (प्रचार) –अवरोध के उपाय ...

- व्यक्तिगत धर्म परिवर्तन और सामूहिक धर्म परिवर्तन, एन दोनों में फर्क धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति के लिए सरलता से जुड़ा है। सामूहिक धर्म परिवर्तन की वजह से लोगों को बहुत आसानी होती है। और इसके अलावा संगत का भी असर और प्रभाव भी धर्म परिवर्तन करने में आसानी लाता है।
- सामूहिक रीत से धर्म परिवर्तन हो सके इस कारण धर्म प्रचारकों उनके इस्लामी धर्म के पैरों की चमत्कारिक कहानियाँ कह कर उनकी अलौकिक शक्ति की बातों में लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन का मार्ग सरल बनाया जाता।
- इस तरह नये अनुयायी अपनी ***पसंद नापसंद और विरोध छोड़ कर*** सतपंथ धर्म के ***निष्ठ और चुस्त अनुयायी बनकर*** धर्म प्रचारकों की बातों को मानने के लिए तैयार होय जाते।

21

... प्रोपगंडा (प्रचार) –अवरोध के उपाय ...

- “अलौकिक शक्ति” और “चमत्कारी परचे” भरी कहानियो की मदद से नये अनुयायी तुरंत नया धर्म अपना ले और अपने पसंद नापसंद और शंका, कु शंका छोड़ दे ऐसी व्यवस्था करने में आई है।
- *इस्लाम को, अंतिम युग, याने कलियुग का धर्म* के रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जाता है।
- हिंदु धर्म के सिद्धांतों को इस्लाम में मिलानेका प्रचार सिद्धांत के अनुसार, **“पहला इमाम, अली तालिब”** को भगवान **विष्णु के दसवां अवतार** बनाकर लोगों के समक्ष पेश करने में आया।
- ठीक उसी तरह, इस्माइली संबंध को संभालकर इमाम को (शुरूवात से ही) भगवान विष्णु का अवतार बताने में आया और इमाम को नारायण और नकलंक (निष्कलंकी) नारायण अवतार नाम देकर पहचान दी गई।

22

... प्रोपगंडा (प्रचार) –अवरोध के उपाय

- कुरान को अंतिम वेद (अथर्व वेद) होने की घोषणा करने में आई। अन्य धार्मिक पुस्तकों और साहित्यों को रद्द किया गया है, इस तरह की घोषणा भी की गई।
- दूसरी तरफ भगवान के अवतार की हिंदू परंपरा को आगे बढ़ाया गया।
- झूठी कहानी आगे बढ़ाने के लिए यह बताया गया की अली तालिब, जो १० वा अवतार है, वह कोई साधारण धार्मिक नायक नहीं थे, जो इतिहास में प्रगट होकर अपने चमत्कार बताकर अनंत में गायब हो गए।
- अली की दैवी शक्ति, उसके उत्तराधिकारी इमाम में, कह जाने वाले “निरंतर” रूप में, अवतार लेता रहती है।

23

प्रोपगंडा (प्रचार) –रूढ़िवादी इस्लाम के साथ संलग्न

क्या ऊपर बताएं प्रचार के कारण, नए धर्म की स्थापन हुई है?

यह प्रोपगंडा रूढ़िवादी इस्लाम के साथ कैसे संलग्न है, यह देखेंगे।

24

प्रोपगंडा (प्रचार) –रूढ़िवादी इस्लाम के साथ संलग्न...

<u>इससे पहले बताएं प्रोपगंडा सम्पूर्ण रूप से इस्लाम के सिद्धांतो के साथ संलग्न है।</u>

- हम जानते है के इस्लाम हमेशा, दैवी अवतार को ऐतिहासिक और फिलोसोफिक सिद्धांत के साथ जोड़ कर, भगवान की अवतार धरण करने वाली एक ही प्रक्रिया है, ऐसा मानना पसंद करता आया है।
- यह सब, पहले आदि मानव, बाबा आदम, के साथ शुरू हुआ, जिसे भगवान का एक महान पैग़ामबर और प्रचारक है, ऐसा बताने में आया।
- स्थानीय विचार धारा और परिस्थिति के साथ अड़चन होने की हालत में, ऐसे सिद्धांत को सामने किया जाता है की हिंदू धर्म के देवताओं और महान संतों को, तो भगवान द्वारा “केवल धर्म प्रचार” करने के लिए, इस देश में भिजवाये है।

25

... प्रोपगंडा (प्रचार) –रूढ़िवादी इस्लाम के साथ संलग्न ...

- विषय को एक कदम आगे बढ़ते हुए... हिंदू धर्म के विकास चक्र के अंतिम चरण में इस्लाम को घुसाया गया है। और ऐसा प्रचार करने में आया।
- <u>कुरान, अंतिम और निर्णायक वेद (अथर्व वेद) है, ऐसा बताने में आया और इस कारण अथर्व वेद के श्लोकों का अर्थ घटन कुरान की आयतों के अनुरूप करने में आया।</u>
- जिस वजह से, हिंदुओं के देवों के इससे पहले हुए अवतारों की अव गणना करके, अंतिम यानी दसवां अवतार को सच्चा अवतार होने की घोषणा कर दी। और कहा के उससे पहले हुए सभी अवतारों के ऊपर आधिपत्य है। इस प्रकार से भगवान के अवतार चक्र को पूर्ण होने की घोषणा कर दी।
- *सतपंथ ही “सच्चा धर्म”, ऐसा ठोक कर बैठाने की प्रक्रिया में ऐसा सिद्धांत पेश किया के, ईसाई, यहूदी जैसे अन्य धर्मो की तरह, हिंदू धर्म को भी, इस प्रक्रिया में आरंभिक चरण अथवा पूर्व-तैयारी के रूप में पेश किया।*

26

... प्रोपगंडा (प्रचार) –रूढ़िवादी इस्लाम के साथ संलग्न

- इस तरह से, शुद्ध इस्लामी नजर से देखे तो, इस्लाम और हिंदू धर्म के बीच अंतर कम करने के लिए, इस्माइली धर्म प्रचारकोंने एक अनूठी पद्धति अपनाई थी, जो इस्लाम के रूढ़िवादी सिद्धांतों और विचार धारा के साथ काही भी टकराती नहीं थी। इसीलिए ऐसे सिद्धांतों के साथ ताल मेल है।
- संक्षिप्त में, प्रोपगंडा ऐसे तैयार करने में आया, जिससे हिंदुओं के धर्म मूल्यों, सिद्धांतों और आचार-विचार को भ्रष्ट कर हिंदुओं का अपने ही धर्म पर विश्वास छुट जाये और सतपंथ को सच्चा मन लें।
- इस तरह से, हिंदुओं को आखिर में इस्लाम तरफ ले जाने वाले रास्ते पर चलता कर देने में आया।

27

संदर्भ ...

- इस्तियाक हुसैन कुरेशी, “धी मुस्लिम कम्यूनिटी ऑफ इंडो-पाक सुब्कोंटीनेंट” (कराची, 1977, pp.41-2) नाम वाले पुस्तक में लिखा है के,

  “दस्तावेजों में बहुत से उदाहरण देखने मिलते है के जिसमें इस्माइली धर्म प्रचारकों, एक हिंदू पुरोहित का रूप धरण करके खुले आम हिंदू सिद्धांतों का विरोध न करके, हिंदू धर्म के बुनियादी धारणाओं को मान्य रख कर, इस्माइली मान्यताओं को परोक्ष और छुपे तौर पर घुसा कर, धीरेधीरे धर्म परिवर्तन के लिए रास्ता तैयार किया”

- सम्पूर्ण और सख्त पालन के अभाव से इस्माइली कभी भी चिंतित नहीं थे क्यूँ की उन्हें पूरा यकीन था के आखिर में अनुयायी सतपंथ धर्म को सम्पूर्ण रूप से स्वीकार लेंगे।

28

... संदर्भ

- अली अहमद ब्रोही ने "हिस्टरी ऑफ टोंबस्टोन्स" (हैदराबाद, 1987, pp. 133-4) में कहा है,

> "इस्माइली धर्म अपनाने वाला कोई भी व्यक्ति इमाम ऊपर श्रद्धा रख कर, पीर और अली के वंशजों को पूज्य मानी, अपने खुद के परंपरागत रीत रिवाजों, नामों, जाति, पहचान रख सकता है। इस उदार नीति के कारण लोहणा, सुमरा, लंगा जैसी बहुत सारी जातियों के लोग इस्माइली सतपंथ के तरफ आकर्षित हुए।"

29

1.4 धर्म परिवर्तन की पद्धति

सतपंथ के स्थापक... पीर सदरुद्दीन द्वारा...
धर्म परिवर्तन कराने के लिए अपनाई हुई पद्धति कैसी थी?

30

पीर सदरुद्दीन की पद्धति

- "इस्लाम इन नॉर्थन इंडिया" (अलीगढ़, 1993, p. 371) में लेखक मुहम्मद उमर लिखते है की,

  "हिंदुओं में इस्लाम लोकप्रिय होने के मुख्य वजह यह हो सकता है की, मुस्लिम प्रचारकों द्वारा नये हिंदू अनुयायियों पर उनके परंपरागत रीत रिवाज छोड़ ने पर मजबूर करने में नहीं आया। उन्होंने ऐसी परिकल्पना की के अनुयायियों अपने आपा धीरेधीरे बिन-इस्लामी रीत रिवाज छोड़ देंगे। इस कारण हिंदुओं द्वारा इस्लाम अपनाने के बाद भी अपने परंपरागत रीत रिवाज पालने के उदाहरण देखने मिलते हैं।

- उसी तरह, गीनान, साहित्यों और परंपरा के मूल सार पर से समझ आता है के पीर सदरुद्दीन का मुख्य उद्देश्य लोगों का धीरेधीरे, तीन (३) चरणों में, धर्म परिवर्तन करना था। जो पद्धति उन्होंने अपनाई थी वह खास धर्म प्रचार करने के ढाँचे पर आधारित थी।

31

पीर सदरुद्दीन की पद्धति
चरण १: गर्भावस्था

- शिष्यों को, नैतिक और सैद्धांतिक मूल्यों के मदद से, सतपंथ धर्म के सरल बोध देने में आते। प्रवचनों, गिनानों और साहित्यों में, लोगों की भाषा और बोली का उपयोग करके, स्थानीय सांकेतिक परिभाषा, जैसे की अलख निरंजन (अवर्णनीय), गुरु ब्रह्मा (मुहम्मद), नर नकलंक (अली), नर (इमाम), घट-पाट, जाप इत्यादि का प्रयोग करने में आया।

- ग्राम जन की भाषा में, उत्तम कुशलता का इस्तेमाल करके, खास गीनान रचने में आए। जिससे लोगों को उनकी परंपरागत भजनों की लज्जत मिली। जिसमे पीर सदरुद्दीन ने खुद को गुरु सहदेव और गुरु हरिश्चंद्र की पदवी दी है।

- हिंदुओं को मुसलमान बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के पीछे भार देने में आया।

32

पीर सदरुद्दीन की पद्धति
चरण २: मध्यम अवस्था

- दूसरे चरण में, शिष्यों को एकांत में, मध्य रात्रि, जप करने के लिए, गुरु मंत्र / सत शब्द देने में आता है।
- शिष्यों को बताया जाता है की, भगवान विष्णु के दसवें अवतार ने, अली रुप में अरब खंड में जन्म ले लिया है और फिलहाल "इमाम" के रुप मैं ईरान में बस रहें है।
- संक्षिप्त में, नए अनुयायियों सतपंथ को अपनी पुरानी श्रद्धा को मजबूती देता पूरक की तौर पर देखते हो जाए। मुहम्मद पैगंबर और अली को अपने पूर्वजों की परंपरा के साथ जोड़ कर देखने लगते है।

33

पीर सदरुद्दीन की पद्धति
चरण ३: परिवर्तन अवस्था

- शिष्यों को ध्यान में लीन कराने पर भार देने में आता है।
- उसके बाद, नए अनुयायियों को अपने पुराने रीत रिवाजों से विमुख करने का काम पीर सदरुद्दीन शुरू करते है। हिंदुओं की क्रियाओं को तर्क के आधार पर निंदा करने शुरू किया। जैसे के वर्ण भेद, मूर्ति पूजा, धार्मिक स्नान, हिंदू फिलोसोफी की ६ मुख्य विचार धारा चलती शालाएँ और त्याग की परंपरा इत्यादि।
- **सचमुच, पीर सदरुद्दीन ने लोगों की श्रद्धा का सौम्य रूप से इस्लामी कारण कर दिया था। पर हाथोंहाथ उन्होने लोगों की संस्कृति के साथ कभी भी अड़चन खड़ी नहीं ही। इस वजह से हिंदू जन समुदाय ने भारतीय रूप धरण किए हुए इस्लाम के सिद्धांतो को स्वीकार लिया।**

34

धर्म परिवतन का सूत्र

मुंबई हाई कोर्ट १८६६ का सुविख्यात आगा खान केस का निष्कर्ष

- धर्म परिवर्तन के सूत्र रुप में, इस्माइली दाईओं (धर्म प्रचारकों) को निर्देश देने में आया की, "अगर आपको एक ईसाई को प्रभावे में लेकर धर्म परिवर्तन करना हो तो, उन्हें यहूदीयो की जिद्दी स्वभाव और मुसलमानों की अज्ञानत पर लंबीलंबी बातें करनी। ईसाई धर्म के मुख्य सिद्धांतो पर श्रद्धा दिखाकर, धीरेसे इशारा करना के यह सब सांकेतिक है और इनमें कुछ बड़ा रहस्य है। इसकी सच्ची जानकारी सिर्फ इस्माइली धर्म दे सकता है, ऐसी बात कहना। ईसाई लोग कहीं सच्ची बात समझने में चूक कर गए है और सच्चा धर्म वही है जो इस्माइली धर्म प्रचारक बताते है।"
- उसी तरह, एक यहूदी का धर्म परिवर्तन करना होय, तो पहले ईसाई और मुसलमानों के वीरुध बोल कर उसका विश्वास जीत कर कहना के सच्चा "मसीहा" आएगा और वह कोई नहीं पर "अली" होगा।
- **सारांश: योजना ऐसी थी के पहले अनुयायी के अपने पुराने धर्म का प्रचार करना और उसका विश्वास जीत ने के बाद धीर से उसे समझना के वह जो धर्म पाल रहा है वह तो केवल सांकेतिक है। सच्चा भगवान अली है और सच्चा धर्म शिया मुसलमान धर्म है।**

35

1.5 इमाम और अखंड ज्योत, या इस्लामी नूर, के पीछे की धारणा

भगवान विष्णु के जीवंत रूप माना जाता "इमामो" की श्रृंखला...
और ब्रह्मांड की उत्पत्ति के मूल से जुड़ी,
अखंड ज्योत (जिसे इस्लाम में "नूर" कहने में आता है) के पीछे की धारणा

36



इमाम अली

विष्णु का
१०वां अवतार

यह चित्र, नीचे बताएं इटली भाषा की वेबसाइट पर से लेने में आया है।

http://www.tradizionesacra.it/imamali-krishna-vishnu.htm

37

इमाम और अखंड ज्योत ...

- महत्व पूर्ण कार्यों के लिए, मूलभूत रूप से भगवान ने जिसे पसंद किया है, वह पैगंबर और इमाम को इस्लाम और इस्माइलिजम धर्म में प्राधान्य देने में आया है। फिर चाहे वह साधारण नाश वंत मनुष्य ही क्यों न हो।
- ऐसा साधारण मनुष्य केवल बौद्धिक रूप से अन्यों की बराबरी में श्रेष्ठ था।
- समय जाते, यह श्रेष्ठ बुद्धि, धीरेधीरे, ज्यादा से ज्यादा, दैवी होती गई और अन्य विचारधाराओं के प्रभाव और इस्लाम के रहस्यमय सिद्धांतों की वजह से, वह (बुद्धि) अखंड ज्योत (जिसे अरबी भाषा में "नूर" कहा जाता है) बन गई।

38

... इमाम और अखंड ज्योत ...

- जैसे सतपंथी "जमात खाना" (संक्षेप में "खाना") का नाम बदल कर "ज्योतिर धाम" रखने मीन आया, उसी तरह सतपंथी खाना में जलती "इस्लामी नूर" का नाम बदल कर "अखंड ज्योत" रखने में आया। इसका मतलब सतपंथी मंदिरों में जो अखंड ज्योत जल रही है, वह वास्तव में "इस्लामी नूर" है। उसका हिंदू धर्म के साथ कोई संबंध नहीं है।
- "दिव्य होने के कारण, यह नूर, इमाम और पैगंबर में प्रगत हुई, जिसके कारण वह कायमी और अविनाशी बनी"। सिद्धांत इस तरह से बढ़ा के यह नूर, हमेशा इमाम अली के वंश में एक नियमित परंपरा में गादिपति पिता द्वारा उसके नियुक्त उत्तराधिकारी पुत्र में, कुदरती तौर पर उतरती आती है।
- अखंडित परंपरा के मुताबिक, इस वक्त इमाम का अस्तित्व है। वैसे ही भविष्य में भी हमेशा अस्तित्व रहेगा। यह संसार की रचना हुई, उस समय से लेकर इस परंपरा में कभी खंडन नहीं हुआ है।

39

... इमाम और अखंड ज्योत

- इसके परिणाम स्वरुप, अनुयायि ऐसा मानने लगे की श्रृष्टि की रचन के पीछे जो शक्ति है, वही शक्ति "इमामियत" के अंदर है। और इसी कारण पहला इमाम, याने अली, और उसके बाद के इमाम और श्रृष्टि के रचयिता, याने भगवान, यह सब एक ही है।
- इसलिए, तार्किक रूप से, हिंदू मान्यताओं के आधार पर, भगवान विष्णु के अवतार लेने की श्रृंखला चालू रख कर अली के अवतार लेने की बात बैठा दी।

40

1.6 सूफी आवरण

सूफी सिद्धांतो का ग्रहण करना...

41

सूफी आवरण ...

- पहले से तैयार, *भाव व्यक्त करने की सूफी रीत को अपना कर*, लेखकों ने सतपंथ धर्म के साहित्यों में अपनी भावनाए और नैतिक मूल्यों को पेश किया है।
- उसके बाद, सूफी प्रतीकवाद (symbolism) का स्वरूप का इस्तेमाल करके, आंतरिक या बाह्य तौर ओर, *चोरी छुपे* हिंदू धर्म के *प्रतिबंधित* और इस्लाम संबंधी उपदेशों को *सांकेतिक रूप से घुसा दैने में आया है।*
- सतपंथ साहित्यों के लेखकों के संदेश देने के पीछे ध्येय, पहले से जाने बगैर, ऐसे बिन परंपरागत साहित्यों में से सत्य ढूँढना और समझ लेना बहुत ही कठिन है। इसलिए सामान्य वाचक और श्रोताओं उसमें आसनी से फँसने की संभावना होती है।

42

... सूफी आवरण

- सामान्य जीवन में भी सूफी आवरण का सफल उपयोग सतपंथी पैरों द्वारा करने में आता रहा है।
- आज भी “शम्स तबरेझ” जिसे मुल्तान में पीर “शम्स” कहा जाता है, “हसन दर्या” (हसन कबीरुद्दीन) और उच के पास “हाजी सदर शाह” (पीर सदरुद्दीन) को सूफी पीर के तौर पर माना जाता है। वह लोग, इस समय के सतपंथ के स्थापक पीर है।
- **पीराणा के इमाम शाह को भी सूफी पीर की उपमा दी गई है।**

43

1.7 सूफी भाव

सूफी भाव के फ़ायदे और गैरफ़ायदे ...

44

सूफी भाव ...

- सूफी भाव में बाह्य दिखावा पर कभी भी भर देने में नहीं आया। हमेशा सूफी यों द्वारा दिये जाने वाले अन्य उपदेशों को महत्वपूर्ण माना गया है।
- धार्मिक जीवन में नैतिक और आध्यात्मिक पलों पर भार देने में आया है। सूफी भाव में कभी भी दार्शनिक भाव पर विशेष लक्ष्य नहीं दिया गया।
- यह बात एक तौर से फायदेमंद थी पर दूसरी ओर से उतनी जोखिमी भी थी।
- प्रभु की दैनिक प्रार्थना (नमाज इत्यादि) का पाठ करने पर कोई बंधन न होने के कारण, हिंदू अनुयायियों का धर्म परिवर्तन का काम बहुत सरल बन गया।
- **पर इस्लाम के साथ संबंध वाले बाह्य चिन्हों के अभाव के कारण, हिंदू धर्म की पकड़ अनुयायियों पर कायम रहने की पूरी संभावना बनी रही।**

45

... सूफी भाव

- इस वजह से, जो अनुयायियों सच्चे इस्माइली विचार धारा में मानते थे, (जैसे खोजा) वह लोग, फेर बादल करते-करते शुद्ध इस्लाम धर्म अपनाते गए और हिंदू धर्म और उसके रीत रिवाज छोड़ते गए।
- **दूसरी तरफ, जो लोग, इमाम शाही पीर को मानते थे (खोजा समुदाय से अलग होने के बाद), हिंदुत्व के नियमित दबाव के कारण इस्लाम से दूरी बनाने लगे।**
- इसमें मुख्य मुद्दा यह है के इस्लाम के साथ संबंध रखते बाह्य आचरण के अभाव के कारण लोग हिंदू धर्म के तरफ मुंडे।
- इस मुद्दे के कारण, पीराणा सतपंथ द्वारा **ताकिया** का उपयोग, अपना धर्म के विकास और बढ़ाव के लिए, किस तरह का उपयोग किया जाता है, यह हम आगे देखेंगे।

46

1.8 धर्म सिद्धांत

सतपंथ धर्म सिद्धांत पर एक उड़ती नजर

47

धर्म सिद्धांत ...

- कुरान में बताए सिद्धांतों के अनुसार, सतपंथ में भी एक ही भगवान, श्रृष्टि के रचेता, होने का माना जाता है।
- अखंड ज्योत या “नूर” जो जीवन और अंतरात्मा का मूल है, वह एक जीवंत व्यक्ति पर केन्द्र होता है।
- यह व्यक्ति शरीर से सामान्य मनुष्य जैसे ही होता है।

48

... धर्म सिद्धांत ...

- पर वह अखंड ज्योत, अविभाजित होने के कारण, अलग-अलग जगहों पर, टुकड़ों में नहीं रह सकती। इसलिए भगवान और ज्योत-धारक व्यक्ति के बीच में सम्पूर्ण समीकरण होता है।
- यह दिव्य व्यक्ति और कोई नहीं पर इमाम होता है, जो अली (मुहम्मद पैगंबर के दामाद) के वंशज और चली आती परंपरा के हिसाब से उनके उत्तराधिकारी होते है।
- इमाम को, एक दिव्य तेज धरण करने वाला, लोगों का नेता होने का मानने में आता है और दुनिया में हमेशा इमाम की मौजूदगी होने का मानने में आता है।

49

... धर्म सिद्धांत ...

- हिंदुओं के चार युग के सिद्धांत को लेकर, समय चक्र को ४ युग में विभाजित करने में आया।
- हर एक युग में अलग अलग काल के हिसाब से बांटने में आया है, जिसमे भगवान ने अमुक रूप में अवतार लिया है।
  1. पहला युग, सत युग, और उसमें चार काल में मच्छ, कच्छ, वराह और नरसिंह अवतार हुए।
  2. दूसरा, त्रेता युग और उसमें तीन काल जिसमें तीन अवतार वामन, परशुराम और राम अवतार हुए।
  3. तीसरा, द्वापर युग में दो काल, जिसमे कृष्ण और बुध अवतार हुए।
  4. **अंतिम और निर्णायक युग, कलियुग में, केवल एक काल है, उसमें एक अवतार “अली” का है।**
- इस तरह से, हिंदुओं के १० अवतार के सिद्धांत को समजाने में आया है और अंतिम काल में इस्लाम को ही मनुष्य जाति का धर्म बताने में आया है।

50

... धर्म सिद्धांत ...

- हर एक अवतार के पीछे, भगवान का मुख्य हेतु कोई खास दैत्य को मारने का है।
- उसी तरह से, कलि युग में, "कालिंगा" नाम के दैत्य को "निष्कलंकी (नकलंक) नारायण" नाम वाले इमाम यानि हजरत अली आकार मारेंगे।
- कलियुग के लिए अथर्व वेद के रचना की गई है और बाकी सभी वेदों को रद करने में आया है, ऐसा कहने में आया है।

51





ચાર યુગના પૂજ્ય પાત્રોની યાદી

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत । अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् । धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥
"ॐ नमो श्री निष्कलंकी नारायण जनार्दनाय भस्मायुधाय विघ्महे दिव्यनेत्राय धीमहि, तन्नोज्वरहरः प्रचोदयात्

અ.નં.	વિગત	પહેલો સતયુગ	બીજો ત્રેતાયુગ	ત્રીજો દ્વાપરયુગ	ચોથો કલિયુગ
૧	વેદ	ઋગ્વેદ	યજુર્વેદ	સામવેદ	અથર્વવેદ
૨	યુગાન્તરસદગુરૂ	શ્રી અમરતેજ ઋષિ	શ્રી વશિષ્ઠ ઋષિ	શ્રી વેદવ્યાસ ઋષિ	શ્રી ઈમામશાહ મહારાજ
૩	ભક્તનું નામ	શ્રી પ્રહલાદ	શ્રી હરિશ્ચંદ્રરાજા	શ્રી યુધિષ્ઠિર	શ્રી કમળાકુંવર
૪	દાનવનું નામ	શ્રી હિરણ્યકશ્યિપ	રાવણ	દુર્યોધન	દુર્હીત કાલીંગો
૫	યજ્ઞનું નામ	હસ્તિદાન યજ્ઞ	અશ્વદાન યજ્ઞ	ગૌદાન યજ્ઞ	વારી યજ્ઞ
૬	આસન ઘટ-પાટ	સોનાના	રૂપાના	ત્રાંબાના	માટીના
૭	જાપ	ૐ શ્રી નરસિંહ	ૐ શ્રી રામ	ૐ શ્રી કૃષ્ણ	ૐ શ્રી નિષ્કલંકી નારાયણ
૮	વ્રત	સુદ ૧૧ને રવિવાર	સુદ ૧૪ ને મંગળવાર	સોમવતી અમાસ	સુદ ૨ને શુક્રવાર
૯	યુગનો પૂજ્ય રંગ	રક્ત વર્ણ	જરદ વર્ણ	શ્યામ વર્ણ	શ્વેતવર્ણ
૧૦	દિશા	ઉત્તર	પૂર્વ	દક્ષિણ	પશ્ચિમ
૧૧	તીર્થ	૨૪ તીર્થ	૧૮ તીર્થ	૧૪ તીર્થ	૧૨ તીર્થ
૧૨	અવતાર	(ચાર) શ્રી મચ્છ, શ્રી કૂર્મ, શ્રી વરાહ, શ્રી નરસિંહ	(ત્રણ) શ્રી વામન, શ્રી પરશુરામ, શ્રી રામ	(બે) શ્રી કૃષ્ણ, શ્રી બુધ	(એક) શ્રી નિષ્કલંકી (કલ્કી) નારાયણ
૧૩	સ્થળ પૂજા	કાશ્મીર	અયોધ્યા	ગોકુળ	કુંવારીકા ક્ષેત્ર-પીરાણા
૧૪	ક્ષેત્ર	ચરણાપુરી	લંકાપુરી	મથુરા	પંચનદી-વૌઠા
૧૫	આયુધ	નખ	ધનુષ્ય	ચક્ર	તલવાર (ખાંડું)
૧૬	સતીઓના નામ	શ્રી બાઈ	શ્રી તારામતી	શ્રી દ્રોપદી	શ્રી સુરજારાણી
૧૭	નદીઓના નામ	ગંગાજી	સરયુ	યમુનાજી	સાબરમતી
૧૮	મોક્ષપદ પામ્યા	પાંચ કરોડ	સાત કરોડ	નવ કરોડ	બાર કરોડ
૧૯	મનુષ્ય અવતાર	૩૫ અવતાર	૨૫ અવતાર	૧૬ અવતાર	૮ અવતાર
૨૦	મનુષ્ય આયુષ્ય	૧,૨૦,૦૦૦ વર્ષ	૧૨૦૦૦ વર્ષ	૧૨૦૦ વર્ષ	૧૨૦ વર્ષ
૨૧	દાગ	વાયુદાગ	જળદાગ	અગ્નિદાગ	ભુમિદાગ
૨૨	યુગનું આયુષ્ય	૧૭,૨૮૦૦૦ વર્ષ	૧૨,૯૬૦૦૦ વર્ષ	૮,૬૪૦૦૦ વર્ષ	૪,૩૨૦૦૦

હિંદૂ ધર્મ में वारी यज्ञ जैसा कुछ नहीं होता, ऐसा कहा जाता है।

સતપંથ પ્રકાશન સમિતિ
પ્રેરણાપીઠ-પીરાણા, તા.દસક્રોઈ, અમદાવાદ-૩૮૨૪૨૫

... धर्म सिद्धांत ...

- गीनान के मुताबिक, नकलंकी अवतार पश्चिम दिशा से आएंगे (अलामत, ईरान तरफ का संदर्भ)
- उसका मुख्य कार्य दानवों के सामने लड़ना है और खास करके कलिंगा को मार कर उसके पाप का अंत लाना है।
- इमाम महदी के हाथ कलिंगा का वध होगा, यह इस अवतार लेने के पीछे का मुख्य कारण होगा, जिस के बाद कलियुग का अंत होगा।
- उसके बाद, निष्कलंकी नारायण, विश्व कुँवरी (कुंवारीका धरती) के साथ शादी करेंगे।
- जो जगह पर शादी होगी, वह जगह को कुंवारीका क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा और वह इमाम शाह की कबर होगी।

54

... धर्म सिद्धांत ...

- कलिंगा को दैत्यों का राजा के रूप में पेश करने में आया है। परंतु उसकी पत्नी सुरजा रानी (हिंदू कलकी पुराण में उसका उल्लेख नहीं है) धार्मिक है और उसने अपना धर्म परिवर्तन करके सतपंथ धर्म अपना लिया है।
- खुद की जिम्मेदारी पूरी करने वाला जो कोई वफादार अनुयायी होगा, वह बच जाएगा और एक गुप्त परंपरा का सभ्य होगा। उसे “रिखीसर” और “मोमिन” कहा जाएगा।
- १२ करोड़ मनुष्य को मोक्ष मिलेगा और प्रभु के बताए रास्ते ओर चलकर अमरापुरी (विशेष स्वर्ग) मिलेगा, जहाँ केवल सच्चे सतपंथी ही जा सकेंगे।

55

... धर्म सिद्धांत ...

- वफादार सतपंथीयों हज़ारों वर्षों तक राज करेंगे। भगवान हर एक जीव के कर्मों का हिसाब रखेंगे और उसके मुताबिक उसे सज़ा देंगे अथवा इनाम देंगे।
- इस मनगढ़न्त कहानी की सुर और व्याख्या को हिंदू पौराणिक कथाओं में से लिया गया है। बाद में भले वह कलकी पुराण हो या भागवत पुराण जैसे अन्य पुराण।
- भारत उपमहाद्वीप में निझारी परंपरा के रिवाजों के हिसाब से, ऐसे हिंदू मूल्यों में फेर बदल करके उसे इस्लामी रंग देने में आया। जिसकी वजह से हिंदू धर्म में इस्लामी मूल्यों शामिल कर दिये गए।

56

... धर्म सिद्धांत ...

- तद् उपरान्त, उनकी अपनी और इस्लामी व्याख्याओं का समांतर प्रयोग चालू रखा। जैसे के निष्कलंकी अवतार जिसे "महदी" और "कायम" भी कहने में आता है। "स्वामी राजा शाह", "रिखीसर" (वफादार), "मोमिन" इत्यादि।
- निष्कलंकी नारायण की सेना में हिंदू पौराणिक कथाओं के पात्रों और इस्लामी व्यक्तियों का समावेश है।
- हिंदुओं में से महाभारत के पात्र जैसे के पाँच पांडव, कुंती, द्रौपदी इत्यादि और अन्य कथाओं में हरिश्चंद्र और भक्त प्रहलाद का समावेश भी है।

57

... धर्म सिद्धांत


- भयानक सज़ा से बचने के लिए एक वफादार सतपंथी की जिम्मेदारी में;
  - "पावाल" पीना आता है, और
  - ईमानदारी से धार्मिक कर याने "दसोंद" और "अन्य कर" अचूक भरना होता है।
- भारतीय निझारिओं द्वारा सहेजी गई "मरणोपरांत" बातें और "तारणहार" लेखों पर से पता चलता है के हिंदू धर्म की ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं से प्रेरणा लेने में आई है। परंतु उसकी मुख्य शैली, दिशा और अंतिम रंग केवल इस्माइली विचारधारा देती है।

58


1.9 दस अवतार
(सतपंथी आवृति)


बहार से हिंदू रूप अपनाता हुआ सतपंथी दस अवतार का...
सच्चे हिंदू दस अवतार के साथ...
कोई संबंध न होने के पीछे अमुक कारण और सबूत


59





भगवान विष्णु के अवतार (सतपंथी के हिसाब से) दर्शाता शिला लेख



"सतपंथ" अनुसार विष्णु के मुख्य दस अवतार
1) मछ अवतार
परेमरुख
शंखवाती
चंडिका
मंधाता
हेमपूर / द्वारामती
शंखासुर
ऋषमागत
मानेत -> उग्रसेन -> अजावृत -> ब्रेसपट -> आसोमंतरा -> परिक्रमरुख
2) कच्छ अवतार
परिक्रमरुख
कमलावती
एकरुखी
भागपुर / मानस सरोवर
मधुकेताब
अमरीश
वंशरतन -> दकायेत -> काजम -> प्रजापत -> दाधमरुखी
पिता
माता
पत्नी
गोर / गुरु
क्षेत्र
दैत्य
राजा
वंशजो
अगली स्लाइड
61


पिछली स्लाइड
3) वराह अवतार
दाधमरूखी
पद्मावती
सोम्य
एकासुर
मायपोर / भैंकासुर
मोर ध्वज
ध्रुव
रूपंक -> खलीपत -> गौतम -> अमरीख
4) नरसिंह अवतार
अमरीख
चंद्रावती
तुलजा भवानी
अमरतेज
काश्मीर / चूरनपुरी
हरण्य कश्यप
प्रहलद
मानेत -> वंशवधान -> लोचन -> कसम रूखी
पिता
माता
पत्नी
गोर / गुरु
क्षेत्र
दैत्य
राजा
वंशजो
अगली स्लाइड
62


पिछली स्लाइड
5) वामन अवतार
कसम रूखी 1
लीलावती 2
कोकिला 3
सहजानंद 4
कोयला पाटण / वंशाली 5
बलीरजा 6
-- 7
मानधाता -> पृथ्वीराज -> असरत -> जमदग्नि 8
6) परशुराम अवतार
जमदग्नि 1
रेणुका 2
-- 3
जनक वैदेही 4
मायापुर / कोयला 5
शस्त्र आर्जुन 6
-- 7
रघु -> नधु -> जेजाएत -> केवलीक -> ऐजेपाल -> दसरथ 8
1 पिता
2 माता
3 पत्नी
4 गोर / गुरु
5 क्षेत्र
6 दैत्य
7 राजा
8 वंशजो
अगली स्लाइड
63


पिछली स्लाइड
7) राम अवतार
दसरथ 1
कौशल्या 2
सीता 3
वशिष्ठ 4
अयोध्यापुरी 5
रावण 6
हरिश्चंद्र 7
लव -> पदम -> परिख -> विरपाल -> वासुदेव 8
8) कृष्ण अवतार
वासुदेव 1
देवकी 2
रुक्मणी 3
वेद व्यास 4
गोकुल / मथुरा 5
कंस 6
सहदेव 7
पदम -> सेस्थान -> बेलस्थान -> वेणी वछराजा -> सिंहराजा 8
1 पिता
2 माता
3 पत्नी
4 गोर / गुरु
5 क्षेत्र
6 दैत्य
7 राजा
8 वंशजो
अगली स्लाइड
64


पिछली स्लाइड
9) बुध अवतार
सिंह राजा 1
रेणुकाव 2
हरसिद्धि 3
हंसराज 4
हिमपुरी / कुरुक्षेत्र 5
दुर्योधन 6
यधिसठिर 7
शीस -> साम -> सलूकन -> हारून -> असलम-> आदम -> निझार -> मिझार -> अलियास -> मालियास -> मुल्कान -> काजम -> कहेर -> काईम -> गालिब -> अलेब -> कायम -> मोरद -> मुनालेफ -> हासम -> मतलब -> आबूतालेब 8
10) निष्कलंकी नारायण मूर्तझा अली
अबूतालेब 1
बीबी फातिमा 2
फातिमा 3
नबी मुहम्मद 4
डेलम देश - ईरान / कुंवारीका 5
कलिंगो 6
गुप्त अवतार 7
अगली स्लाइड 8
1 पिता
2 माता
3 पत्नी
4 गोर / गुरु
5 क्षेत्र
6 दैत्य
7 राजा
8 वंशजो
65


10) निष्कलंकी नारायण मूर्तझा अली
इमाम
हसन
हुसैन
जेनलाबदिन
मू। बाकर
जाफर
इमाइली
नूर सतगोर
नूर सतगोर
मुसाफरिन
जमालदिन
मुसाफरिन
महेरदिन
हादिन
सलाउद्दीन
काजल शाह
कासम शाह
अहमद शाह
नासिर शाह
मुसालक शाह
महबू
मसतांग
महिआधीन
मुमन शाह
खलक शाह
निझार शाह
इस्लाम शाह
सलाउद्दीन
शामशुद्दीन
शमशुद्दीन
नासिरदिन
साहिबदिन
सदरुद्दीन
काबिरुद्दीन
इमाम शाह
66

ऊपर बताए स्लाइड पर से जानने लायक मुद्दे ...

ऊपर बताए स्लाइड पर से जानने लायक मुख्य मुद्दे इस प्रकार है;

